ओको जवर सी जान लग्यो, त पतरस न यीशु सी कह्यो, "हे मालिक, हमरो
इत रहनो भलो हय: येकोलायी हम तीन मण्डप बनायबो, एक तोरो लायी,
एक मूसा लायी, अऊर एक एलिय्याह लायी।" ऊ जानत नहीं होतो कि का
कह्य रह्यो हय। 34 ऊ यो कहतच रह्यो होतो कि एक बादर न आय क उन्ख
छाय लियो; अऊर जब बादर सी घिरन लग्यो त चेला डर गयो। 35 तब ऊ
बादर म सी यो आवाज निकल्यो, "यो मोरो बेटा अऊर मोरो चुन्यो हुयो आय,
येकी सुनो।" 36 यो आवाज बन्द होनो पर यीशु अकेलो पायो गयो; अऊर हि
चुप रह्यो, अऊर जो कुछ देख्यो होतो ओकी कोयी बात उन दिनो म कोयी सी
नहीं कहीं। 37 दूसरों दिन जब यीशु अऊर ओको तीन चेलावों पहाड़ी सी
उतरयो त एक बड़ी भीड़ ओको सी आय क मिली। 38 अऊर देखो, भीड़ म
सी एक आदमी न चिल्लाय क कह्यो, "हे गुरु, मय तोरो सी बिनती करू हय
कि मोरो बेटा पर दयादृष्टि कर; कहालीकि ऊ मोरो एकलौतो बेटा आय। 39

एक दुष्ट आत्मा ओख पकड़य हय, अऊर ऊ अचानक चिल्लावन लगय हय;
अऊर ऊ ओख असो मुरकटय हय कि ऊ मुंह म फेस भर लावय हय; अऊर
ओख कठिनायी सी गिराय क छोड़य हय। **40** मय न तोरो चेलावों सी बिनती
करी कि दुष्ट आत्मा ख निकाले, पर हि नहीं निकाल सक्यो।" **41** यीशु न
उन्ख उत्तर दियो, "हे अविश्वासी अऊर जिद्दी लोगों, मय कब तक तुम्हरो संग
रहूं अऊर तुम्हरी सहू? अपनो बेटा ख इत ले आव।" **42** बेटा आयच रह्यो
होतो कि दुष्ट आत्मा न ओख पटक क मुरकट्यो, पर यीशु न दुष्ट आत्मा ख
डाट्यो अऊर बेटा ख अच्छो कर क् ओको बाप ख सौंप दियो। **43** तब सब
लोग परमेश्वर को महासामर्थ सी अचम्भित भयो। पर जब सब लोग उन
सब कामों सी जो कुछ यीशु करत होतो, अचम्भित होतो, त ओन अपनो
चेलावों सी कह्यो, **44** "तुम इन बातों पर कान लगावो, कहालीकि आदमी को
बेटा आदमियों को हाथ म सौंप्यो जायेंन।" **45** पर चेलावों या बात ख नहीं
जान सक्यो, अऊर यो उन्को सी लूकी रही कि हि ओख समझ नहीं पायो;
अऊर हि या बात को बारे म ओको सी पूछन सी डरत होतो। **46** तब उन्म
यो विवाद होन लग्यो कि हम म सी बड़ो कौन हय। **47** पर यीशु न उन्को
मन को बिचार जान लियो, अऊर एक बच्चा ख ले क अपनो जवर खड़ो
करयो, **48** अऊर उन्को सी कह्यो, "जो कोयी मोरो नाम सी यो बच्चा ख
स्वीकारय हय, ऊ मोख स्वीकारय हय; अऊर जो कोयी मोख स्वीकारय हय,
ऊ मोरो भेजन वालो ख स्वीकारय हय, कहालीकि जो तुम म सब सी छोटो
सी छोटो हय, उच बड़ो हय।" **49** तब यूहन्ना न कह्यो, "हे मालिक, हम न
एक आदमी ख तोरो नाम सी दुष्ट आत्मावों ख निकालता देख्यो, अऊर हम न
ओख मना करयो, कहालीकि ऊ हमरो संग होय क तोरो अनुसरन नहीं करत
होतो।" **50** यीशु न यूहन्ना अऊर दूसरों चेला सी कह्यो, "ओख मना मत
करो; कहालीकि जो तुम्हरो विरोध म नहाय, ऊ तुम्हरो तरफ हय।" **51** जब
यीशु ख स्वर्ग म उठायो जान को दिन पूरो होन पर होतो, त ओन यरूशलेम
जान को बिचार ठान लियो। **52** ओन अपनो आगु दूत भेज्यो। हि सामरियों
को एक गांव म गयो कि ओको लायी जागा तैयार करे। **53** पर उन लोगों न
ओख उतरन नहीं दियो, कहालीकि ऊ यरूशलेम जाय रह्यो होतो। **54** यो देख
क ओको चेलावों याकूब अऊर यूहन्ना न कह्यो, "हे प्रभु, का तय चाहवय हय

कि हम आज्ञा दे, कि आसमान सी आगी गिर क उन्ख भस्म कर दे?" **55** पर
यीशु न मुड़ क उन्ख डाट्यो। **56** यीशु अऊर ओको चेला कोयी दूसरों गांव
म चली गयो। **57** जब हि रस्ता म जाय रह्यो होतो, त कोयी न यीशु सी
कह्यो, "जित-जित तय जाजो, मय तोरो पीछू होय जाऊं।" **58** यीशु न ओको
सी कह्यो, "लोमड़ियों को गुफा अऊर आसमान को पक्षिंयों को घोसला
होवय हंय, पर आदमी को बेटा ख मुंड लूकान की भी जागा नहीं।" **59**
यीशु न दूसरों सी कह्यो, "मोरो पीछू होय जा।" ओन कह्यो, "हे प्रभु, मोख
पहिले जान दे कि अपनो बाप ख गाड़ देऊ।" **60** यीशु न ओको सी कह्यो,
"मरयो हुयो ख अपनो मुर्दा गाड़न दे, पर तय जाय क परमेश्वर को राज्य को
सुसमाचार प्रचार कर।" **61** कोयी अऊर न भी कह्यो, "हे प्रभु, मय तोरो
पीछू होय जाऊं; पर पहिले मोख जान दे कि अपनो घर को लोगों सी बिदा ले
लेऊ।" **62** यीशु न ओको सी कह्यो, "जो कोयी अपनो हाथ नांगर पर रख क
पीछू देखय हय, ऊ परमेश्वर को राज्य को लायक नहाय।"

**10** इन बातों को बाद प्रभु न बहात्तर अऊर आदमी ख चुन्यो, अऊर जो-जो
नगर अऊर जागा म ऊ खुद जान पर होतो, उत उन्ख दोय-दोय कर क् अपनो
आगु भेज्यो। **2** यीशु उन्को सी कह्यो, "पकी फसल बहुत हंय, पर मजूर
थोड़ो हंय; येकोलायी खेत को मालिक सी प्रार्थना करो कि ऊ अपनी खेत
कि फसल काटन ख मजूर भेज दे।" **3** जावो! मय तुम्ख मेंढीं को जसो
भेड़ियों को बीच म भेजू हय। **4** येकोलायी नहीं बटवा, नहीं झोली, नहीं जूता
लेवो; अऊर नहीं रस्ता म कोयी ख नमस्कार करो। **5** जो कोयी घर म जावो,
पहिले कहो, यो घर पर शान्ति होय। **6** यदि उत कोयी शान्ति को लायक
होना, त तुम्हरो शान्ति ओको पर ठहरेंन, नहीं त तुम्हरो जवर लौट आयेंन। **7**
उच घर म रहो, अऊर जो कुछ उन्को सी मिलेंन, उच खावो-पीवो, कहालीकि
मजूर ख अपनी मजूरी मिलन खच होना; घर-घर मत फिरो। **8** जो नगर म
जावो, अऊर उत को लोग तुम्ख उतरेंन, त जो कुछ तुम्हरो आगु परोसेंन उच
खावो। **9** उत को बीमारों ख चंगो करो, अऊर उन्को सी कहो, "परमेश्वर को
राज्य तुम्हरो जवर आय गयो हय।" **10** पर जो नगर म जावो, अऊर उत को
लोग तुम्ख स्वीकार नहीं करेंन, त ओख बजारों म जाय क कहो, **11** "तुम्हरो
नगर की धूरला भी जो हमरो पाय म लगी हय, हम तुम्हरो आगु झाड़ देजे

हंय। तब भी यो जान लेवो कि परमेश्वर को राज्य तुम्हरो जवर आय गयो
हय!” 12 मय तुम सी कहू हय कि ऊ दिन परमेश्वर न्याय करेंन ऊ नगर की
दशा सी सदोम की दशा जादा सहन लायक होयेंन। 13 “हाय खुराजीन!
हाय बैतसैदा! नगर जो सामर्थ को काम तुम म करयो गयो, यदि हि सूर
अऊर सैदा म करयो जातो त बोरा ओढ़ क अऊर राख म बैठ क मन फिराय
लियो।” 14 पर न्याय को दिन तुम्हरी दशा सी सूर अऊर सैदा की दशा
जादा सहन लायक होयेंन। 15 अऊर हे कफरनहूम, का तय स्वर्ग तक ऊचो
करयो जाजो? तय त अधोलोक तक खल्लो जाजो। (Hadēs g86) 16 यीशु न
चेलावों सी कह्यो, “जो तुम्हरी सुनय हय, ऊ मोरी सुनय हय; अऊर जो तुम्ख
तुच्छ जानय हय, ऊ मोख तुच्छ जानय हय; अऊर जो मोख तुच्छ जानय हय,
ऊ मोरो भेजन वालो ख तुच्छ जानय हय।” 17 हि बहात्तर लोग खुशी मनावत
लौट्यो अऊर कहन लग्यो, “हे प्रभु, तोरो नाम कि आज्ञा सी दुष्ट आत्मा भी
हमरो आदेश मानय हय।” 18 यीशु न उन्को सी कह्यो, “मय शैतान ख
बिजली को जसो स्वर्ग सी गिरयो हुयो देख रह्यो होतो। 19 सुनो! मय न
तुम्ख सांपो अऊर बिच्छूवों ख रौंदन को, अऊर दुश्मन की सामर्थ पर विजय
पावन को अधिकार दियो हय; अऊर कोयी चिज सी तुम्ख कुछ हानि नहीं
होयेंन। 20 तब भी येको सी खुश मत होय कि दुष्ट आत्मा तुम्हरो आज्ञा
मानय हंय, पर येको सी खुश होय कि तुम्हरो नाम स्वर्ग पर लिख्यो हय।”
21 उच समय यीशु पवित्र आत्मा म होय क खुशी सी भर गयो, अऊर कह्यो,
“हे बाप, स्वर्ग अऊर धरती को प्रभु, मय तोरो धन्यवाद करू हय कि तय न
इन बातों ख ज्ञानियों अऊर समझदारों सी लूकाय रख्यो, अऊर बच्चां पर
प्रगट करयो। हां, हे बाप, कहालीकि तोख योच अच्छो लग्यो। 22 “मोरो बाप
न मोख सब कुछ सौंप दियो हय; अऊर कोयी नहीं जानय कि बेटा कौन हय
केवल बाप, अऊर बाप कौन हय यो भी कोयी नहीं जानय केवल बेटा को
अऊर ऊ जेक पर बेटा ओख प्रगट करनो चाहेंन।” 23 तब यीशु चेलावों को
तरफ मुड़ क अकेलो म कह्यो, “धन्य हंय हि आंखी, जो उन बातों ख देखय
हंय जेक तुम देखतच हय। 24 कहालीकि मय तुम सी कहू हय कि तुम
जिन बातों ख देखय हय उन्ख बहुत सो भविष्यवक्तावों अऊर राजावों न
देखनो चाह्यो पर नहीं देख्यो, अऊर उन बातों ख सुननो चाह्यो जेक तुम सुनय

हय पर नहीं सुन्यो।” 25 एक व्यवस्थापक उठ्यो अऊर यो कह्य क ओकी
परीक्षा करन लग्यो, “हे गुरु, अनन्त जीवन ख पान लायी मय का करू?”
(aiōnios g166) 26 यीशु न ओको सी कह्यो, “मूसा की व्यवस्था म का
लिख्यो हय? तय कसो पढ़य हय?” 27 आदमी न उत्तर दियो, “व्यवस्था म
लिख्यो हय, ‘तय प्रभु अपनो परमेश्वर सी अपनो पूरो मन अऊर अपनो पूरो
जीव अऊर अपनी पूरी शक्ति अऊर अपनी पूरी बुद्धि को संग प्रेम रख;’ अऊर
‘अपनो शेजारी सी अपनो जसो प्रेम रख।’” 28 यीशु न ओको सी कह्यो,
“तय न ठीक उत्तर दियो, योच कर त तय जीन्दो रहजो।” 29 पर ओन अपनो
आप ख सच्चो ठहरान की इच्छा सी यीशु सी पुच्छ्यो, “त मोरो शेजारी कौन
आय?” 30 यीशु न उत्तर दियो, “एक आदमी यरूशलेम सी यरीहो ख जाय
रह्यो होतो कि डाकुवो न घेर क ओको कपड़ा उतार लियो, अऊर मार पीट क
ओख अधमरो छोड़ क चली गयो। 31 अऊर असो भयो कि उच रस्ता सी
एक याजक जाय रह्यो होतो, पर ओख देख क नजर बचाय क दूसरों तरफ
सी चली गयो। 32 योच तरह सी एक लेवी ऊ जागा पर आयो, ऊ भी ओख
देख क नजर बचाय क दूसरी रस्ता सी चली गयो। 33 पर एक सामरी भी जो
यात्रा कर रह्यो होतो, उत पहुंच्यो, जब ओन ओख देख्यो त ओको पर तरस
खायो। 34 ओन ओको जवर आय क ओको घावों पर तेल अऊर अंगूररस
डाल क पट्टी बान्धी, अऊर अपनी सवारी पर चढ़ाय क सरायी म ले गयो,
अऊर ओकी सेवा करी। 35 दूसरों दिन ओन दोय चांदी को सिक्का निकाल
क सरायी को मालिक ख दियो, अऊर कह्यो, ‘येकी सेवा करजो, अऊर जो
कुछ तोरो अऊर लगेंन, ऊ मय आनो पर तोख वापस दे देऊ।’” 36 यीशु न
कह्यो, “अब तोरो बिचार सी जो डाकुवो न पकड़ रख्यो होतो, इन तीनों म सी
ओको शेजारी कौन होयेंन?” 37 ओन कह्यो, “उच जेन ओको पर दया
करी।” यीशु न ओको सी कह्यो, “जा, तय भी असोच कर।” 38 जब यीशु
अऊर ओको चेला जाय रह्यो होतो त यीशु एक गांव म गयो, अऊर मार्था नाम
की एक बाई न ओख अपनो घर म उतारयो। 39 मरियम नाम की ओकी एक
बहिन होती। वा प्रभु को पाय को जवर बैठ क ओको वचन सुनत होती। 40
पर मार्था सेवा करत करत चिन्तित भय गयी, अऊर ओको जवर आय क
कहन लगी, “हे प्रभु, का तोख कुछ भी चिन्ता नहाय कि मोरी बहिन न मोख

सेवा करन लायी अकेलीच छोड़ दियो हय? येकोलायी ओको सी कह्य कि
मोरी मदत कर।" 41 प्रभु न ओख उत्तर दियो, "मार्था, हे मार्था; तय बहुत
बातों लायी चिन्ता करय हय। 42 पर एक बात जरूरी हय, अऊर ऊ बहुत
उत्तम भाग ख मरियम न चुन लियो हय जो ओको सी छीन्यो नहीं जायेंन।"

**11** एक दिन यीशु कोयी दूसरी जागा म प्रार्थना कर रह्यो होतो। जब ऊ
प्रार्थना कर लियो, त ओको चेलावों म सी एक न ओको सी कह्यो, "हे प्रभु,
जसो बपतिस्मा देन वालो यूहन्ना न अपनो चेलावों ख प्रार्थना करनो सिखायो
वसोच हम्ख भी तय सिखाय दे।" 2 यीशु न उन्को सी कह्यो, "जब तुम
प्रार्थना करो त कहो: 'हे हमरो पिता: तोरो नाम पवित्र मान्यो जाय; तोरो
राज्य आय।' 3 'हमरी दिन भर की रोटी हर दिन हम्ख दियो कर,' 4 'अऊर
हमरो पापों ख माफ कर, कहालीकि हम भी अपनो हर एक अपराधियों ख
माफ करजे हंय, अऊर हम्ख परीक्षा म मत लाव।'" 5 तब यीशु न उन्को सी
कह्यो, "तुम म सी कौन आय कि ओको एक संगी हो, अऊर ऊ अरधी रात
ख ओको जवर जाय क ओको सी कह्य, 'हे संगी; मोख तीन रोटी दे। 6
कहालीकि मोरो एक संगी यात्रा करतो हुयो मोरो जवर आयो हय, अऊर
मोरो जवर ओख खिलावन लायी कुछ भी नहाय।' 7 अऊर ऊ अन्दर सी
उत्तर दे क कह्यो, 'मोख मत सताव; अब त दरवाजा बन्द भय गयो हय अऊर
मोरो बच्चा मोरो बिस्तर पर हंय, मय उठ क तोख कुछ भी नहीं दे सकू?' 8
मय तुम सी कहू हय, यदि ओको संगी होन पर भी ओख उठ क नहीं दे, फिर
भी ओको खुशामत करन पर ऊ उठ क ओकी जितनी भी जरूरत होना देयेंन।
9 अऊर मय तुम सी कहू हय: कि मांगो, त तुम्ख दियो जायेंन; ढूंढो, त तुम
पावों; खटखटावों, त तुम्हरो लायी खोल्यो जायेंन। 10 कहालीकि जो कोयी
मांगय हय, ओख मिलय हय; अऊर जो ढूंढय हय, ऊ पावय हय; अऊर जो
खटखटावय हय, ओको लायी खोल्यो जायेंन। 11 तुम म सी असो कौन बाप
होनो, कि ओको बेटा मच्छी मांगय त ओख सांप देयेंन? 12 यां अंडा मांगेंन
त ओख बिच्छू देयेंन? 13 येकोलायी जब तुम बुरो होय क अपनो बच्चां ख
अच्छी चिजे देनो जानय हय, त तुम्हरो स्वर्गीय बाप अपनो मांगन वालो ख
पवित्र आत्मा कहाली नहीं देयेंन।" 14 तब यीशु न मुक्की दुष्ट आत्मा ख
निकाल्यो। जब वा दुष्ट आत्मा निकल गयी त मुक्का बोलन लग्यो; अऊर

लोगों ख अचम्भा भयो। 15 पर उन्म सी कुछ न कह्यो, “यो त बालजबूल
नाम को दुष्ट आत्मावों को मुखिया हय ओकी सामर्थ सी दुष्ट आत्मावों ख
निकालय हय।” 16 दूसरों कुछ लोगों न यीशु की परीक्षा करन लायी परमेश्वर
को तरफ सी स्वर्ग को एक चिन्ह मांग्यो। 17 पर ओन उन्को मन की बाते
जान क उन्को सी कह्यो, “जो जो राज्य म फूट पड़य हय, ऊ राज्य उजड़
जावय हय; अऊर जो घर म फूट पड़य हय, ऊ नाश होय जावय हय। 18
यदि शैतान अपनोच विरोधी होय जाये, त ओको राज्य कसो बन्यो रहेंन?
कहालीकि तुम मोरो बारे म त कह्य हय कि बालजबूल की सामर्थ सी दुष्ट
आत्मा निकालय हय। 19 भलो यदि मय शैतान की मदत सी दुष्ट आत्मावों
ख निकालू हय, त तुम्हरो मानन वालो कौन्की मदत सी निकालय हय?
येकोलायी हिच तुम्हरो न्याय चुकायेंन। 20 पर यदि मय परमेश्वर की सामर्थ
सी दुष्ट आत्मा ख निकालू हय, त परमेश्वर को राज्य तुम्हरो जवर आय गयो
हय। 21 “जब ताकतवर आदमी अवजार समेत अपनो घर की रखवाली
करय हय, त ओकी जायजाद बची रह्य हय। 22 पर जब ओको सी बढ़ क
कोयी अऊर ताकतवर चढ़ायी कर क् ओख जीत लेवय हय, त ओको हि
हथियार जेक पर ओको भरोसा होतो, छीन लेवय हय अऊर ओकी जायजाद
लूट क बाट देवय हय। 23 “जो मोरो संग नहाय ऊ मोरो विरोध म हय, अऊर
जो मोरो संग नहीं ऊ जमा करय हय अऊर बिखरावय हय। 24 “जब दुष्ट
आत्मा आदमी म सी निकल जावय हय त सूखी जागा म आराम ढूंढती
फिरय हय, अऊर जब नहीं पावय त कह्य हय, ‘मय अपनो उच घर म जित
सी निकली होती लौट जाऊं।’ 25 अऊर आय क घर ख झाड़्यो हुयो अऊर
सज्यो सजायो पावय हय। 26 तब वा जाय क अपनो सी बुरी सात अऊर
आत्मावों ख अपनो संग ले आवय हय, अऊर हि ओको म घुस क वाश करय
हंय, अऊर ऊ आदमी की पिछली दशा पहिलो सी भी बुरी होय जावय हय।”
27 जब यीशु या बाते कहतच रह्यो होतो त भीड़ म सी कोयी बाई न ऊचो
आवाज सी कह्यो, “धन्य हय ऊ गर्भ जेको म तय रह्यो अऊर हि स्तन जो
तय न पीयो।” 28 यीशु न कह्यो, “हां; पर धन्य हि हंय जो परमेश्वर को
वचन सुनय अऊर मानय हंय।” 29 जब बड़ी भीड़ जमा होत जात होती
त यीशु कहन लग्यो, “यो युग को लोग बुरो हंय; हि चिन्ह ढूंढय हंय; पर

योना को चिन्ह ख छोड़ कोयी अऊर चिन्ह उन्ख नहीं दियो जायेंन। **30** जसो
योना नीनवे को लोगों लायी चिन्ह बन्यो, वसोच आदमी को बेटा भी यो युग
को लोगों लायी ठहरेंन। **31** दक्षिन की रानी न्याय को दिन यो समय को
आदमियों को संग उठ क उन्ख दोषी ठहरायेंन, कहालीकि ऊ सुलैमान को
ज्ञान सुनन ख धरती को छोर सी आयी, अऊर देखो, इत ऊ हय जो सुलैमान
सी भी बड़ो हय। **32** नीनवे को लोग न्याय को दिन यो समय को लोगों को
संग खड़ो होय क, उन्ख दोषी ठहरायेंन; कहालीकि उन्न योना को प्रचार सुन
क पाप करनो छोड़ दियो; अऊर देखो, इत ऊ हय जो योना सी भी बड़ो हय।
**33** "कोयी आदमी दीया जलाय क लूकावय नहीं यां बर्तन को खल्लो नहीं
रखय, पर दीवट पर रखय हय कि अन्दर आवन वालो प्रकाश देखेंन। **34**
तोरो शरीर को दीया तोरी आंखी हय, येकोलायी जब तोरी आंखी पवित्र हय
त तोरो पूरो शरीर भी प्रकाश जसो हय; पर जब ऊ बुरी हय त तोरो शरीर भी
अन्धारो जसो हय। **35** येकोलायी चौकस रहजो कि जो प्रकाश तोरो म हय
ऊ अन्धारो नहीं होय जाये। **36** येकोलायी यदि तोरो पूरो शरीर प्रकाश हय
अऊर ओको कोयी भाग अन्धारो म नहीं रहेंन त सब को सब असो प्रकाश
होयेंन, जसो ऊ समय होवय हय जब दीया अपनी चमक सी तोख प्रकाश
देवय हय।" **37** जब यीशु बात कर चुक्यो होतो त कोयी फरीसी न ओको
सी बिनती करी कि मोरो इत जेवन कर। ऊ अन्दर जाय क जेवन करन
बैठ्यो। **38** फरीसी ख यो देख क अचम्भा भयो कि ओन जेवन करन सी
पहिले यहूदियों को अनुसार हाथ नहीं धोयो। **39** प्रभु न ओको सी कह्यो, "हे
फरीसियों, तुम कटोरा अऊर थारी ख ऊपर ऊपर सी त मांजय हय, पर
तुम्हरो अन्दर अन्धारो अऊर बुरायी भरी हय। **40** हे मूर्खो, जेन बाहेर को
भाग बनायो, का ओन अन्दर को भाग नहीं बनायो? **41** पर हां, जो तुम्हरो
जवर हय ओख गरीबों ख दान कर दे, त देखो, सब कुछ तुम्हरो लायी शुद्ध
होय जायेंन। **42** "पर हे फरीसियों, तुम पर हाय! तुम पदीना अऊर मसाला
को अऊर सब तरह को साग पात को दसवा अंश देवय हय, पर न्याय ख
अऊर परमेश्वर को प्रेम ख टाल देवय हय; पर असो भी त होतो कि इन्क भी
करतो रहतो अऊर उन्ख भी नहीं छोड़तो। **43** "हे फरीसियों, तुम पर हाय!
तुम आराधनालयों म मुख्य मुख्य आसन अऊर बजारों म आदर सत्कार

चाहवय हय। 44 हाय तुम पर! कहालीकि तुम उन लूकी कब्रो को जसो हय,
जेक पर लोग चलय हंय पर नहीं जानय।" 45 तब एक व्यवस्थापक न
ओख उत्तर दियो, "हे गुरु, इन बातों ख कहन सी तय हमरी निन्दा करय
हय।" 46 यीशु न कह्यो; "हे व्यवस्थापकों, तुम पर भी हाय! तुम असो
बोझा जिन्ख उठावनो कठिन हय, आदमियों पर लादय हय पर तुम खुद उन
बोझा ख अपनो एक बोट सी भी नहीं छूवय। 47 हाय तुम पर! तुम उन
भविष्यवक्तावों की कब्र बनावय हय, जिन्ख तुम्हरोच बाप दादो न मार डाल्यो
होतो। 48 येकोलायी तुम गवाह हय, अऊर अपनो बाप दादो को कामों सी
सहमत हय; कहालीकि उन्न उन्ख मार डाल्यो अऊर तुम उन्की कब्रें बनावय
हय। 49 येकोलायी परमेश्वर की बुद्धि न भी कह्यो हय, 'मय उन्को जवर
भविष्यवक्तावों अऊर प्रेरितों ख भेजूं, अऊर हि उन्म सी कुछ ख मार डालेंन,
अऊर कुछ ख सतायेंन।' 50 ताकि जितनो भविष्यवक्तावों को खून जगत की
उत्पत्ति सी बहायो गयो हय, सब को लेखा यो युग को लोगों सी लियो जाये:
51 हाबील की हत्या सी ले क जकर्याह की हत्या तक, जो वेदी अऊर मन्दिर
को बीच म घात करयो गयो। मय तुम सी सच कहू हय, इन सब को लेखा
योच समय को लोगों सी लियो जायेंन। 52 "हाय तुम व्यवस्थापकों पर! तुम
न ज्ञान की कुंजी ले त ली, पर तुम खुदच सिर नहीं सक्यो, अऊर सिरन
वालो ख भी रोक दियो।" 53 जब यीशु उत सी निकल्यो, त धर्मशास्त्री अऊर
फरीसी बुरी तरह ओको पीछू पड़ गयो अऊर छेड़न लग्यो कि ऊ बहुत सी
बातों की चर्चा करे, 54 अऊर मारन म लग्यो रह्यो कि ओको मुंह की कोयी
बात पकड़े।

**12** इतनो म जब हजारों की भीड़ लग गयी, यहां तक कि हि एक दूसरों पर
गिरत पड़त होतो, त ऊ सब सी पहिले अपनो चेलावों सी कहन लग्यो,
"फरीसियों को कपटरूपी खमीर सी चौकस रहो। 2 कुछ ढक्यो नहीं, जो
खोल्यो नहीं जायेंन; अऊर नहीं कुछ लूक्यो हय, जो जान्यो नहीं जायेंन। 3
येकोलायी जो कुछ तुम न अन्धारो म कह्यो हय, ऊ प्रकाश म सुन्यो जायेंन;
अऊर जो तुम न कोठरियों म कानो कान कह्यो हय, ऊ छत पर सी प्रचार
करयो जायेंन। 4 "मय तुम सी जो मोरो संगी हय कहू हय कि जो शरीर ख
घात करय हंय पर ओको पीछू अऊर कुछ नहीं कर सकय, उन्को सी मत

डरो। 5 मय तुम्ख चिताऊ हय कि तुम्ख कौन्को सी डरनो चाहिये, घात करन
को बाद जेक नरक म डालन को अधिकार हय, परमेश्वर सी डरो; हां, मय तुम
सी कहूं हय, ओको सी डरो। (Geenna g1067) 6 "का दोय पैसा की पाच
चिड़िया पक्षी नहीं बिकय? तब भी परमेश्वर उन्म सी एक ख भी नहीं भूलय।
7 तुम्हरो मुंड को सब बाल भी गिन्यो हुयो हंय, येकोलायी डरो मत, तुम
बहुत चिड़िया पक्षी सी बढ़ क हय। 8 "मय तुम सी कहू हय जो कोयी
आदमियों को आगु मोख मान लेयेंन ओख आदमी को बेटा भी परमेश्वर को
स्वर्गदूतों को आगु मान लेयेंन। 9 पर जो आदमियों को आगु मोरो इन्कार
करेंन ओख परमेश्वर को स्वर्गदूतों को आगु इन्कार करयो जायेंन। 10 "जो
कोयी आदमी को बेटा को विरोध म कोयी बात कहेंन, ओको ऊ अपराध
माफ करयो जायेंन, पर जो पवित्र आत्मा की निन्दा करेंन, ओको अपराध
माफ नहीं करयो जायेंन। 11 "जब लोग तुम्ख सभावों अऊर शासकों अऊर
अधिकारियों को आगु लिजाये, त चिन्ता मत करजो कि हम कौन्सो तरह सी
यां का उत्तर देबो, यां का कहबो। 12 कहालीकि पवित्र आत्मा उच समय
तुम्ख सिखाय देयेंन कि का कहनो चाहिये।" 13 तब भीड़ म सी एक न यीशु
सी कह्यो, "हे गुरु, मोरो भाऊ सी कह्य कि बाप की जायजाद मोरो संग बाट
ले।" 14 यीशु न ओको सी कह्यो, "हे आदमी, कौन न मोख तुम्हरो न्याय
करन वालो यां बाटन वालो नियुक्त करयो हय?" 15 अऊर ओन उन्को सी
कह्यो, "चौकस रहो, अऊर हर तरह को लोभ सी अपनो आप ख बचायो
रखो; कहालीकि कोयी को जीवन ओकी जायजाद की बड़ोत्तरी सी नहीं
होवय।" 16 यीशु न उन्को सी एक दृष्टान्त कह्यो: "कोयी धनवान की जमीन
म बड़ी फसल भयी। 17 तब ऊ अपनो मन म बिचार करन लग्यो, 'मय का
करू? कहालीकि मोरो इत जागा नहाय जित अपनी फसल रखू।' 18 अऊर
ओन कह्यो, 'मय यो करू: मय अपनो फसल रखन को ढोला ख तोड़ क बड़ो
बनाऊं; अऊर उत अपनो सब अनाज अऊर जायजाद बड़ो जागा म रखूं; 19
अऊर मय अपनो आप सी कहूं कि हे मोरो जीव, तोरो जवर बहुत साल लायी
बहुत जायजाद रखी हय; धीरज धर, खाय, पी, सूख सी रह।' 20 पर परमेश्वर
न ओको सी कह्यो, 'हे मूर्ख! योच रात तोरो जीव तोरो सी ले लियो जायेंन;
तब जो कुछ तय न जमा करयो हय ऊ कौन्को होयेंन?' 21 "असोच ऊ

आदमी भी हय जो अपनो लायी धन जमा करय हय, पर परमेश्वर की नजर म
धनी नहीं।" 22 तब यीशु न अपनो चेलावों सी कह्यो, "येकोलायी मय तुम
सी कहू हय, अपनो जीव की चिन्ता मत कर कि हम का खाबोंन; नहीं अपनो
शरीर लायी का पहिनबों। 23 कहालीकि भोजन सी जीव, अऊर कपड़ा सी
शरीर बढ़ क हय। 24 पक्षिंयों पर ध्यान दे; हि नहीं बोवय हंय, नहीं काटय;
नहीं उन्को भण्डार अऊर नहीं रखन की जागा होवय हय; तब भी परमेश्वर
उन्ख पालय हय। तुम्हरी कीमत पक्षिंयों सी बढ़ क हय। 25 तुम म सी असो
कौन हय जो चिन्ता करन सी अपनी उमर म एक घड़ी भी बढ़ाय सकय हय?
26 येकोलायी यदि तुम सब सी छोटो काम भी नहीं कर सकय, त अऊर बातों
लायी कहालीकि चिन्ता करय हय?" 27 "जंगली फूल पर ध्यान करो कि हि
कसो बढ़य हंय: हि मेहनत नहीं करय, तब भी मय तुम सी कहू हय कि
सुलैमान भी अपनो पूरो वैभव म, उन्म सी कोयी एक को समान कपड़ा
पहिन्यो हुयो नहीं होतो। 28 येकोलायी यदि परमेश्वर मैदान की घास ख, जो
अज हय अऊर कल आगी म झोक दियो जायेंन, असो पहिनावय हय; त हे
अविश्वासियों, ऊ तुम्ख कहाली नहीं पहिनायेंन?" 29 "अऊर तुम या बात
की खोज म नहीं रहो कि का खाबोंन अऊर का पीबो, अऊर नहीं सक करो।
30 यो जगत को लोग इन सब चिजों की खोज म रह्य हंय: अऊर तुम्हरो बाप
जानय हय कि तुम्ख इन चिजों की जरूरत हय। 31 पर ओको को राज्य की
खोज म रहो, त या चिजे भी तुम्ख मिल जायेंन।" 32 "हे मोरो छोटो झुण्ड
को लोगों, मत डरो; कहालीकि तुम्हरो बाप ख यो भायो हय, कि तुम्ख
राज्य दे। 33 अपनी जायजाद बिक क गरीबों ख दान कर दे; अऊर अपनो
लायी असो बटवा बनावो जो पुरानो नहीं होवय, यानेकि स्वर्ग म असो धन
जमा करो जो घटय नहीं अऊर जेको जवर चोर नहीं जावय, अऊर कीड़ा
नहीं खावय। 34 कहालीकि जित तुम्हरो धन हय, उत तुम्हरो मन भी लग्यो
रहेंन।" 35 "हमेशा तैयार रहो, अऊर तुम्हरो दीया जलतो रहे, 36 अऊर तुम
उन आदमियों को जसो बनो, जो अपनो मालिक की रस्ता देख रहे हय कि ऊ
बिहाव सी कब आयेंन, कि जब ऊ आय क दरवाजा खटखटावय त तुरतच
ओको लायी खोल दे। 37 धन्य हंय हि सेवक जिन्ख मालिक आय क जागतो
देखेंन; मय तुम सी सच कहू हय कि ऊ कमर बान्ध क उन्ख जेवन करन ख

बैठायेंन, अऊर जवर आय क उन्की सेवा करेंन। 38 यदि ऊ रात को दूसरों
पहर या तीसरो पहर म आय क उन्ख जागतो देखेंन, त हि सेवक धन्य हंय।
39 पर तुम यो जान लेवो कि यदि घर को मालिक जानतो कि चोर कौन्सो
समय आयेंन, त जागतो रहतो अऊर अपनो घर म चोरी होन नहीं देतो।" 40
तुम भी तैयार रहो; कहालीकि जो समय तुम सोचय भी नहीं, "पर उच समय
आदमी को बेटा आय जायेंन।" 41 तब पतरस न कह्यो, "हे प्रभु, का यो
दृष्टान्त तय हम सीच यां सब सी कह्य हय।" 42 प्रभु न कह्यो, "ऊ विश्वास
लायक अऊर बुद्धिमान व्यवस्थापक कौन आय, जेको मालिक ओख नौकर
चाकर पर अधिकारी ठहराये कि उन्ख समय पर भोजन वस्तु दे। 43 धन्य
हय ऊ सेवक, जेक ओको मालिक आय क असोच करतो देखे। 44 मय तुम
सी सच कहू हय, ऊ ओख अपनी सब जायजाद पर अधिकारी ठहरायेंन। 45
पर यदि ऊ सेवक अपनो मन म सोचन लग्यो कि मोरो मालिक आवन म देर
कर रह्यो हय, अऊर सेवकों अऊर दासियों ख मारन पीटन लग्यो, अऊर खान
पीवन अऊर पियक्कड़ होन लग्यो। 46 त ऊ सेवक को मालिक असो दिन,
जब ऊ ओकी रस्ता देखतो नहीं रहेंन, अऊर असो समय जेक ऊ जानतो नहीं
होय, आयेंन अऊर ओख भारी सजा दे क ओको भाग अविश्वासियों को संग
ठहरायेंन। 47 "ऊ सेवक जो अपनो मालिक की इच्छा जानत होतो, अऊर
तैयार नहीं रह्यो अऊर नहीं ओकी इच्छा को अनुसार चल्यो, त बहुत मार
खायेंन। 48 पर जो नहीं जान क मार खान्को लायक काम करेंन ऊ थोड़ो
मार खायेंन। येकोलायी जेक बहुत दियो गयो हय, ओको सी बहुत मांग्यो
जायेंन; अऊर जेक बहुत सौंप्यो गयो हय, ओको सी बहुत लियो जायेंन। 49
"मय धरती पर आग लगावन आयो हय; अऊर का चाहऊ हय केवल यो कि
अभी सुलग जाती! 50 मोख त एक बपतिस्मा लेनो हय, अऊर जब तक ऊ
नहीं होय जाये तब तक कसी व्याकुल म रहूं! 51 का तुम समझय हय कि
मय धरती पर शान्ति ले क आयो हय? मय तुम सी कहू हय; नहीं, बल्की
अलग करावन आयो हय। 52 कहालीकि अब सी एक घर म पाच लोग
आपस म विरोध रखेंन, तीन दोय सी अऊर दोय तीन सी। 53 बाप बेटा
सी, अऊर बेटा बाप सी विरोध रखेंन; माय बेटी सी, अऊर बेटी माय सी,
सासु बहू सी, अऊर बहू सासु सी विरोध रखेंन।" 54 यीशु भीड़ सी भी

कह्यो, “जब तुम बादर ख पश्चिम सी उठतो देखय हय त तुरतच कह्य हय
कि बारीश होयेंन, अऊर असोच होवय हय; 55 अऊर जब दक्षिनी हवा
चलती देखय हय त कह्य हय कि लू चलेंन अऊर असोच होवय हय। 56 हे
कपटियों, तुम धरती अऊर आसमान को रूप रंग म भेद कर सकय हय, पर
यो युग को बारे म कहालीकि भेद करनो नहीं जानय? 57 “तुम खुदच न्याय
कहालीकि नहीं कर लेवय कि ठीक का हय? 58 जब तय अपनो आरोप
लगावन वालो को संग शासक को जवर जाय रह्यो हय त रस्ताच म ओको
सी छूटन की कोशिश कर ले, असो नहीं होय कि ऊ तोख न्यायधीश को
जवर खीच लिजाये, अऊर न्यायधीश तोख सिपाही ख सौंप दे अऊर सिपाही
तोख जेलखाना म डाल दे। 59 मय तुम सी कहू हय कि जब तक तय एक
एक पैसा भर नहीं दे तब तक उत सी छूटनो नहीं पायजो।”

**13** ऊ समय कुछ लोग आय पहुंच्यो, अऊर यीशु उन गलील को लोगों को
बारे म की चर्चा करन लग्यो जेको खून पिलातुस न उन्कोच बलिदानों को
संग मिलायो होतो। 2 यीशु न उन्ख उत्तर दियो, “का तुम समझय हय कि यो
गलीली अऊर पूरो गलीलियों सी बहुत पापी होतो कि उन पर असी मुसीबत
म पड़यो? 3 मय तुम सी कहू हय कि; यदि तुम पाप सी मन नहीं फिरावो त
तुम पूरो योच तरह सी नाश होयेंन। 4 का तुम समझय हय कि हि अठरा लोग
जेको पर शीलोह को गुम्मट गिरयो, अऊर हि दब क मर गयो: यरूशलेम को
अऊर पूरो रहन वालो सी अधिक अपराधी होतो? 5 मय तुम सी कहू हय कि
नहीं; पर यदि तुम अपनो पापों सी मन नहीं फिरावो त तुम पूरो योच तरह सी
नाश होयेंन।” 6 तब यीशु न यो दृष्टान्त भी कह्यो: “कोयी को अंगूर को बाड़ी
म एक अंजीर को झाड़ लग्यो हुयो होतो। यीशु उन्म फर ढूंढन आयो, पर नहीं
पायो। 7 तब ओन बाड़ी को रख वालो सी कह्यो, ‘देख, तीन साल सी मय यो
अंजीर को झाड़ म फर ढूंढन आऊं हय, पर नहीं पाऊ हय। येख काट डाल!
कि यो जागा ख भी कहालीकि रोक क रखय?’ 8 पर रख वालो न उत्तर
दियो, ‘हे मालिक, येख यो साल अऊर रहन दे कि मय येको चारयी तरफ
खोद क खाद डालू। 9 यदि आवन वालो साल म फरय त ठीक, नहीं त ओख
काट डालजो।’” 10 आराम दिन ख ऊ एक आराधनालय म उपदेश कर रह्यो
होतो। 11 उत एक बाई होती जेक अठरा साल सी एक कमजोर करन वाली

दुष्ट आत्मा लगी होती, अऊर वा कुबड़ी भय गयी होती अऊर कोयी तरह सी
सीधी नहीं होय सकत होती। 12 यीशु न ओख देख क बुलायो अऊर कह्यो,
"हे नारी, तय अपनी कमजोरी सी चंगी भय गयी हय!" 13 तब ओन ओको
पर हाथ रख्यो, अऊर वा तुरतच सीधी भय गयी अऊर परमेश्वर की महिमा
करन लगी। 14 येकोलायी कि यीशु न आराम दिन ख ओख अच्छो करयो
होतो, यहूदी आराधनालय को मुखिया गुस्सा म आय क लोगों सी कहन
लग्यो, "छे दिन हंय जेको म काम करन ख होना, येकोलायी उनच दिनो म
आय क चंगो हो, पर आराम दिन म नहीं।" 15 यो सुन क प्रभु न उत्तर दियो,
"हे कपटियों! का आराम दिन म तुम म सी हर एक अपनो बईल यां गधा ख
थान सी खोल क पानी पिलावन नहीं लिजावय? 16 त वा बाई जो अब्राहम
की सन्तान हय जेक शैतान न अठरा साल सी बान्ध रख्यो होतो, आराम दिन
ख यो बन्धन सी छुड़ायो जानो जरूरी नहीं?" 17 ओको उत्तर सी ओको पूरो
विरोधी शर्मिन्दा भय गयो, अऊर पूरी भीड़ उन महिमा को कामों सी जो ऊ
करत होतो, खुश भयी। 18 यीशु न कह्यो, "परमेश्वर को राज्य कौन्को जसो
हय? अऊर मय ओकी तुलना कौन्को सी करू? 19 ऊ राई को एक दाना को
जसो हय, जेक कोयी आदमी न ले क अपनो खेत म बोयो, अऊर ऊ बढ़ क
झाड़ भय गयो, आसमान को पक्षियों न ओकी डगालियों पर घोसला बनाय
लियो।" 20 यीशु न तब कह्यो, "मय परमेश्वर को राज्य की तुलना कौन्को
सी करू? 21 ऊ खमीर को जसो हय, जेक एक बाई न कुछ खमीर ले क
बहुत सो आटा म मिलायो, अऊर पूरो आटा खमीर भय गयो।" 22 यीशु
नगर नगर, अऊर गांव-गांव होय क उपदेश करतो हुयो यरूशलेम को तरफ
जाय रह्यो होतो, 23 त कोयी न ओको सी पुच्छ्यो, "हे प्रभु, का उद्धार
पावन वालो थोड़ो हंय?" यीशु न उन्को सी कह्यो, 24 "सकरो द्वार सी सिरन
की कोशिश करो; कहालीकि बहुत सो लोग सिरनो चाहेंन, अऊर नहीं सिर
सकेंन। 25 जब घर को मालिक खड़ो होय क दरवाजा बन्द कर देनो पर;
अऊर तुम बाहेर खड़्यो हुयो दरवाजा खटखटाय क कहन लग्यो, 'हे प्रभु,
हमरो लायी खोल दे,' अऊर ऊ उत्तर दे, 'मय तुम्ख नहीं जानु, तुम कित को
होय?' 26 तब तुम उत्तर देयेंन, 'हम न तोरो आगु खायो-पीयो; अऊर तय न
हमरो शहर म उपदेश करयो!' 27 पर ऊ फिर सी कहेंन, 'मय नहीं जानु तुम

कित को हय? हे कुकर्मियों, तुम सब मोरो सी दूर हय!' 28 उत रोवनो अऊर
दात कटरनो होयेंन; जब तुम अब्राहम अऊर इसहाक अऊर याकूब अऊर सब
भविष्यवक्तावों ख परमेश्वर को राज्य म बैठ्यो देखो, अऊर अपनो आप ख
बाहेर देखो; 29 अऊर पूर्व अऊर पश्चिम, उत्तर अऊर दक्षिन सी, लोग आय क
परमेश्वर को राज्य को भोज म सहभागी होयेंन। 30 कुछ पिछलो हंय ऊ
पहिलो होयेंन, अऊर कुछ जो पहिलो हंय, ऊ पिछलो होयेंन।" 31 उच समय
कुछ फरीसियों न यीशु को जवर आय क ओको सी कह्यो, "इत सी निकल
क चली जा, कहालीकि हेरोदेस तोख मार डालनो चाहवय हय।" 32 यीशु न
उन्ख उत्तर दियो, "जाय क ऊ लोमड़ी सी कह्य दे कि देख; 'मय अज अऊर
कल दुष्ट आत्मावों ख निकालू अऊर बीमारों ख चंगो करू हय, अऊर तीसरो
दिन अपनो कार्य पूरो करू।' 33 तब भी मोख अज, कल, अऊर परसो चलनो
जरूरी हय; कहालीकि होय नहीं सकय कि कोयी भविष्यवक्ता यरूशलेम को
बाहेर मारयो जाये। 34 "हे यरूशलेम, हे यरूशलेम! तय जो भविष्यवक्तावों
ख मार डालय हय, अऊर जो परमेश्वर को तरफ सी भेज्यो गयो उन्को पर
पथराव करय हय। कितनोच बार मय न यो चाह्यो कि जसो मुर्गी अपनो
पिल्ला ख अपनो पंखा को खल्लो जमा करय हय, वसोच मय भी तोरो बच्चां
ख जमा करू, पर तुम न यो नहीं चाह्यो। 35 तुम्हरो घर तुम्हरो लायी प्रकाश
पड़्यो हय, अऊर मय तुम सी कहू हय: जब तक तुम नहीं कहो, 'धन्य हय
ऊ, जो प्रभु को नाम सी आवय हय,' तब तक तुम मोख फिर कभी नहीं
देखो।"

**14** तब यीशु आराम दिन म फरीसियों को मुखिया म सी कोयी को घर रोटी
खान गयो; अऊर हि ओकी ताक म होतो। 2 उत एक आदमी जेक सूजन को
रोग होतो यीशु को जवर आयो। 3 येको पर यीशु न व्यवस्थापकों अऊर
फरीसियों सी कह्यो, "हमरो नियम को अनुसार आराम दिन म चंगो करनो
ठीक हय यां नहीं?" 4 पर हि चुपचाप रह्यो। तब यीशु न ओख छूय क चंगो
करयो अऊर जान दियो, 5 अऊर ओन उन्को सी कह्यो, "तुम म सी असो
कौन हय, जेको बेटा यां बईल कुंवा म गिर जाये अऊर ऊ आराम को दिन
ओख तुरतच बाहेर नहीं निकालेंन?" 6 हि यो बातों को कुछ उत्तर नहीं दे
सक्यो। 7 जब यीशु न देख्यो कि नेवता म बुलायो लोग कसो मुख्य-मुख्य

जागा चुन लेवय हय त एक दृष्टान्त दे क उन्को सी कह्यो, 8 "जब कोयी
तोख बिहाव को जेवन म बुलाये, त मुख्य जागा म नहीं बैठजो। कहीं असो
नहीं होय कि ओन तोरो सी भी कोयी बड़ो ख नेवता दियो हय, 9 अऊर जेन
तोख अऊर ओख दोयी ख नेवता दियो हय, आय क तोरो सी कहेंन, 'येख
जागा दे,' अऊर तब तोख शर्मिन्दा होय क सब सी खल्लो जागा म बैठ्नो
पड़ेंन। 10 पर जब तय बुलायो जाये त सब सी खल्लो जागा म बैठ कि जब
ऊ, जेन तोख नेवता दियो हय आयेंन, त तोरो सी कहेंन, 'हे संगी, आगु
बढ़ क बैठ,' तब तोरो संग बैठन वालो को आगु तोरी बड़ायी होयेंन। 11
कहालीकि जो कोयी अपनो आप ख बड़ो बनायेंन, ऊ छोटो करयो जायेंन;
अऊर जो कोयी अपनो आप ख छोटो बनायेंन, ऊ बड़ो करयो जायेंन।" 12
तब यीशु अपनो नेवता देन वालो सी भी कह्यो, "जब तय दिन ख यां रात ख
जेवन रखय, त अपनो संगियों यां भाऊ यां कुटुम्बियों यां धनवान पड़ोसियों
ख नहीं बुलाव, कहीं असो नहीं होय कि हि भी तोख नेवता दे, अऊर तोरो
बदला खडांय जाये। 13 पर जब तय जेवन रखय त गरीबों, टुण्डों, लंगड़ों
अऊर अन्धो ख बुलाव। 14 तब तय धन्य होजो, कहालीकि उन्को जवर तोख
वापिस देन लायी कुछ नहाय, पर तोख धर्मियों को जीन्दो होन पर परमेश्वर
को तरफ सी प्रतिफल मिलेंन।" 15 ओको संग जेवन करन वालो म सी एक
न या बाते सुन क यीशु सी कह्यो, "धन्य हय ऊ जो परमेश्वर को राज्य म
जेवन करेंन।" 16 यीशु न ओको सी कह्यो, "कोयी आदमी न बड़ो जेवन
दियो अऊर बहुत लोगों ख बुलायो। 17 जब जेवन तैयार भय गयो त ओन
अपनो सेवक को हाथ नेवता वालो ख बुलावा भेज्यो, 'आवो, अब जेवन
तैयार हय।' 18 पर हि पूरो को पूरो माफी मांगन लग्यो। पहिलो न ओको सी
कह्यो, 'मय न खेत ले लियो हय, अऊर जरूरी हय कि ओख देखूं; मय तोरो
सी बिनती करू हय, मोख माफ कर दे।' 19 दूसरों न कह्यो, 'मय न पाच
जोड़ी बईल ले लियो हंय, अऊर उन्ख परखन जाऊं हय; मय तोरो सी बिनती
करू हय, मोख माफ कर दे।' 20 एक अऊर न कह्यो, 'मय न बिहाव करयो
हय, येकोलायी मय नहीं आय सकू।' 21 उस सेवक न आय क अपनो
मालिक ख या बाते कह्य सुनायो। तब घर को मालिक न गुस्सा म आय क
अपनो सेवक सी कह्यो, 'नगर को बजारों अऊर गलियो म तुरतच जाय क

गरीबों, टुण्डों, लंगड़ों अऊर अन्धो ख इत ले आवो।' 22 सेवक न तब कह्यो,
'हे मालिक जसो तय न कह्यो होतो, वसोच करयो गयो हय; अऊर तब भी
जागा हय।' 23 मालिक न सेवक सी कह्यो, 'सड़को पर अऊर अपनो बाड़ा
तरफ जा अऊर लोगों ख कोशिश कर क् ले आव ताकि मोरो घर भर जाय।
24 कहालीकि मय तुम सी कहू हय कि उन नेवता वालो म सी कोयी मोरो
जेवन ख नहीं चखेंन!'" 25 जब बड़ी भीड़ ओको संग जाय रही होती, त यीशु
न पीछू मुड़ क भीड़ सी कह्यो, 26 "यदि कोयी मोरो जवर आवय, अऊर
अपनो बाप अऊर माय अऊर पत्नी अऊर बच्चां अऊर भाऊ अऊर बहिनों
बल्की अपनो जीव ख भी मोरो सी जादा अप्रिय नहीं जानय, त ऊ मोरो चेला
नहीं होय सकय; 27 अऊर जो कोयी मरन लायी तैयार नहीं होवय, अऊर
मोरो पीछू नहीं होयेंन, ऊ भी मोरो चेला नहीं होय सकय। 28 "तुम म सी
कौन हय जो बाड़ा बनानो चाहवय हय, अऊर पहिलो बैठ क खर्च नहीं जोड़य
कि पूरो करन की ताकत मोरो जवर हय कि नहाय? 29 कहीं असो नहीं होय
कि जब ऊ पायवा खोद लेवय पर बनाय नहीं सकय, त सब देखन वालो यो
कह्य क ओख ठट्ठा करन लग्यो, 30 'यो आदमी बनान त लग्यो पर तैयार
नहीं कर सक्यो!' 31 यो कौन असो राजा हय जो दूसरों राजा सी लड़ाई
करन जावय हय, अऊर पहिले बैठ क बिचार नहीं कर ले कि जो बीस हजार
ले क मोरो पर चढ़ायी करन आवय हय, त का मय दस हजार ले क ओको
सामना कर सकू हय, यां नहीं? 32 नहीं त ओको दूर रहतोच ऊ दूतों ख भेज
क शान्ति को मिलाप करनो चाहेंन। 33 यो तरह सी तुम म सी जो कोयी
अपनो सब कुछ छोड़ नहीं देन, ऊ मोरो चेला नहीं होय सकय। 34 "नमक त
अच्छो हय, पर यदि नमक को स्वाद बिगड़ जावय, त वा कौन चिज सी
नमकीन करयो जायेंन। 35 ऊ नहीं त जमीन को अऊर नहीं खात लायी काम
म आवय हय; ओख त लोग बाहेर फेक देवय हंय। जेको सुनन को कान हय
ऊ सुन लेवो!"

**15** सब कर लेनवालो अऊर पापी, यीशु को जवर आय रह्यो होतो की
ओकी सुनबो। 2 पर फरीसी अऊर धर्मशास्त्री कुड़कुड़ाय क कहन लग्यो,
"यो त पापियों सी मिलय हय अऊर उन्को संग खावय भी हय!" 3 तब यीशु
न उन्को सी यो दृष्टान्त कह्यो। 4 "तुम म सी कौन हय जेकी सौ मेंढीं हय,

अऊर उन्म सी एक गुम जाये, त निन्यानवे ख जंगल म छोड़ क वा गुमी हुयी
ख जब तक मिल नहीं जावय, ढूंढत नहीं रह्यो? 5 अऊर जब मिल जावय
हय, तब ऊ बड़ी खुशी सी ओख बख्खा पर उठाय लेवय हय; 6 अऊर घर म
आय क संगी अऊर शेजारी ख जमा कर क् कह्य हय, 'मय बहुत खुश हय
कहालीकि मोरी गुमी हुयी मेंढा मिल गयो हय। मोरो संग खुशी मनावो!' 7
मय तुम सी कहू हय कि योच तरह सी एक पाप सी मन फिरावन वालो पापी
को बारे म भी स्वर्ग म इतनोच खुशी होयेंन, जितनो कि निन्यानवे असो
धर्मियों न पाप करनो छोड़ दियो, जिन्ख मन फिरान की जरूरत नहीं। 8
"कौन असी बाई होयेंन जेको जवर दस सिक्का हय, अऊर उन्म सी एक गुम
जायेंन, त वा दीया जलाय क अऊर घर झाड़–बहार क, जब तक मिल नहीं
जायेंन मन लगाय क ढूंढतो नहीं रहेंन? 9 अऊर जब मिल जावय हय, त वा
अपनी सहेली अऊर पड़ोसीन ख जमा कर क् कह्य हय, 'मय बहुत खुश हय
कहालीकि मोरो गुम्यो वालो सिक्का मिल गयो हय। मोरो संग खुशी करो!'
10 मय तुम सी कहू हय, कि योच तरह सी, एक पाप ख छोड़न वालो पापी
को बारे म परमेश्वर को स्वर्गदूतों को सामने खुशी होवय हय।" 11 तब यीशु
न कह्यो, "कोयी आदमी को दोय बेटा होतो। 12 उन्म सी छोटो न बाप सी
कह्यो, 'हे बाप, जायजाद म सी जो हिस्सा मोरो हय ऊ मोख दे।' ओन उन्ख
अपनी जायजाद बाट दियो। 13 कुछ दिन को बाद छोटो बेटा सब कुछ जमा
कर क् दूर देश ख चली गयो, अऊर उत गन्दो काम म अपनी जायजाद उड़ाय
दियो। 14 जब ऊ सब कुछ खर्च कर दियो, अऊर ऊ देश म बड़ो अकाल
पड़्यो, अऊर ऊ गरीब भय गयो। 15 येकोलायी यो ऊ देश को निवासियों म
सी एक को इत काम मांगन गयो। ओन ओख अपनो खेतो म डुक्कर चरान
लायी भेज्यो। 16 अऊर ऊ चाहत होतो कि उन सेगां सी जिन्ख डुक्कर खात
होतो, अपनो पेट भरत होतो, अऊर ओख कोयी कुछ जेवन नहीं देत होतो।
17 जब ऊ होश म आयो, तब कहन लग्यो, 'मोरो बाप को कितनोच मजूरों ख
भोजन सी जादा रोटी मिलय हय, अऊर मय इत भूखो मर रह्यो हय। 18 मय
अब उठ क अपनो बाप को जवर जाऊं अऊर ओको सी कहूं, हे बाप, मय न
स्वर्ग को बाप अऊर तोरो विरोध म पाप करयो हय। 19 अब यो लायक नहीं
रह्यो कि तोरो बेटा कहलाऊ; मोख अपनो एक मजूर को जसो रख ले।' 20

तब ऊ उठ क अपनो बाप को जवर चल्यो। "ऊ अभी दूरच होतो कि ओको
बाप न ओख देख क तरस खायो; अऊर दवड़ क ओख गलो लगायो, अऊर
बहुत चुम्मा लियो। 21 बेटा न कह्यो, 'हे बाप, मय न स्वर्ग अऊर तोरी विरोध
म पाप करयो हय, अऊर अब यो लायक नहीं रह्यो कि तोरो बेटा कहलाऊ।'
22 पर बाप न अपनो सेवकों सी कह्यो, 'तुरतच!' अच्छो सी अच्छो कपड़ा
निकाल क ओख पहिनाव, अऊर ओको हाथ म अंगुठी, अऊर पाय म जूता
पहिनाव। 23 अऊर पल्यो हुयो बछड़ा लाय क काटो, ताकि हम खाबोंन
अऊर खुशी मनाबो! 24 कहालीकि मोरो यो बेटा मर गयो होतो, पर अब
जीन्दो भय गयो हय; 'ऊ गुम गयो होतो, पर अब मिल गयो हय।' अऊर हि
खुशी करन लग्यो। 25 "पर ओको बड़ो बेटा खेत म होतो। जब ऊ आवतो
हुयो घर को जवर पहुंच्यो, त ओन गाना बजानो अऊर नाचन को आवाज
सुन्यो। 26 येकोलायी ओन एक सेवक ख बुलाय क पुच्छ्यो, 'यो का होय
रह्यो हय?' 27 ओन ओको सी कह्यो, 'तोरो भाऊ घर वापस आयो हय,
अऊर तोरो बाप न पल्यो हुयो बछड़ा कटवायो हय, येकोलायी कि ओख
भलो चंगो पायो हय।'" 28 "बड़ो भाऊ यो सुन क गुस्सा सी भर गयो अऊर
अन्दर जानो नहीं चाह्यो; पर ओको बाप बाहेर आय क ओख बिनती करन
लग्यो। 29 ओन बाप ख उत्तर दियो, 'देख, मय इतनो साल सी तोरी सेवा कर
रह्यो हय, अऊर कभी भी तोरी आज्ञा नहीं टाली, तब भी तय न मोख कभी
भी एक शेरी को बच्चा तक नहीं दियो? कि मय अपनो संगी को संग खुशी
मनाऊं! 30 पर तोरो यो बेटा जेन तोरी जायजाद वेश्यावों म उड़ाय दियो हय,
जब ऊ घर वापस आयो, त ओको लायी तय न पल्यो हुयो बछड़ा कटवायो!'
31 बाप न कह्यो, 'मोरो बेटा, तय हमेशा मोरो संग हय, अऊर जो कुछ मोरो
हय ऊ सब तोरोच हय। 32 पर अब खुशी मनानो अऊर मगन होनो चाहिये,
कहालीकि यो तोरो भाऊ मर गयो होतो, पर अब जीन्दो भय गयो हय; गुम
गयो होतो, अब मिल गयो हय।'"

**16** यीशु न चेलावों सी कह्यो, "कोयी धनवान को एक मुनीम होतो, अऊर
लोगों न ओको आगु ओको पर यो दोष लगायो कि ऊ तोरी पूरी जायजाद
उड़ाय देवय हय। 2 येकोलायी ओन ओख बुलाय क कह्यो, 'यो का आय जो
मय तोरो बारे म सुन रह्यो हय? अपनो मुनीम पन को लेखा दे, कहालीकि

तय अब सी मोरो मुनीम नहीं रह्य सकय।’ 3 तब मुनीम सोचन लग्यो, ‘अब
मय का करू? कहालीकि मोरो मालिक अब मुनीम को काम मोरो सी छीन
रह्यो हय। माटी त मोरो सी खोदी नहीं जावय, अऊर भीख मांगन म मोख
शरम आवय हय। 4 मय समझ गयो कि का करू! ताकि जब मय मुनीमगिरी
को काम सी छुड़ायो जाऊं त लोग मोख अपनो घरो म ले ले।’ 5 “तब ओन
अपनो मालिक को कर्जा चुकावन वालो ख एक–एक कर क् बुलायो अऊर
पहिलो सी पुच्छ्यो, ‘तोरो पर मोरो मालिक को कितनो कर्जा हय?’ 6 ओन
उत्तर दियो, ‘सौ मन तेल,’ तब मुनीम न ओको सी कह्यो; ‘अपनो बही-खाता
ले अऊर बैठ क तुरतच पचास लिख दे।’ 7 तब ओन दूसरों सी पुच्छ्यो,
‘तोरो पर कितनो कर्जा हय?’ ओन उत्तर दियो, ‘एक हजार बोरा गहूं,’ तब
ओन ओको सी कह्यो; ‘अपनो बही-खाता म आठ सौ लिख दे।’ 8 “मालिक
न ऊ अधर्मी मुनीम की तारीफ करयो कि ओन हुसीयारी सी काम करयो
हय। कहालीकि यो जगत को लोग अपनो समय को लोगों को संग लेन-देन
म प्रकाश को लोगों सी अधिक हुसीयार हंय।” (aiōn g165) 9 यीशु न उन्को
सी कह्यो, “मय तुम सी कहू हय: कि जगत को धन सी अपनो लायी संगी
बनाय ले, ताकि जब ऊ जातो रहेंन त हि तुम्ख अनन्त निवासों म ले ले।
(aiōnios g166) 10 जो थोड़ो सो थोड़ो म विश्वास लायक हय, ऊ बहुत म भी
विश्वास लायक हय; अऊर जो थोड़ो सो थोड़ो म अधर्मी हय, ऊ बहुत म भी
अधर्मी हय। 11 येकोलायी जब तुम जगत को धन म सच्चो नहीं ठहरो, त
विश्वास को धन तुम्ख कौन सौंपेंन? 12 अऊर तुम परायो धन म सच्चो नहीं
ठहरो त जो तुम्हरो हय, ओख तुम्ख कौन देयेंन? 13 “कोयी सेवक दोय
मालिक की सेवा नहीं कर सकय; कहालीकि ऊ त एक सी बैर अऊर दूसरों
सी प्रेम रखेंन या एक सी विश्वास लायक रहेंन अऊर दूसरों ख तुच्छ जानेंन।
तुम परमेश्वर अऊर धन दोयी की सेवा नहीं कर सकय।” 14 फरीसी जो पैसा
को लोभी होतो, या सब बाते सुन क यीशु ख ताना मारन लग्यो। 15 यीशु न
उन्को सी कह्यो, “तुम त आदमी को आगु अपनो आप ख सच्चो दिखावय
हय, पर परमेश्वर तुम्हरो मन ख जानय हय, कहालीकि जो चिज आदमी
की नजर म महान हय, ऊ परमेश्वर को नजर म तुच्छ हय। 16 “मूसा की
व्यवस्था अऊर भविष्यवक्ता यूहन्ना बपतिस्मा देन वालो को समय तक त

रह्यो; ऊ समय सी परमेश्वर को राज्य को सुसमाचार सुनायो जाय रह्यो हय,
अऊर हर कोयी ओको म ताकत सी सिरय हय। 17 आसमान अऊर धरती
को गायब होय जानो व्यवस्था को एक बिन्दु को मिट जानो सी सहज हय।
18 "जो कोयी अपनी पत्नी ख तलाक दे क दूसरी बाई सी बिहाव करय हय,
ऊ व्यभिचार करय हय; अऊर जो पति सी तलाक भयी बाई सी बिहाव करय
हय, ऊ भी व्यभिचार करय हय। 19 "एक धनवान आदमी होतो जो महगों
जामुनी कपड़ा पहिनतो अऊर हर दिन सुख–विलाश सी रहत होतो। 20
लाजर नाम को एक गरीब आदमी, घावों सी भरयो हुयो, ओकी द्वार पर छोड़
दियो जात होतो, 21 अऊर ऊ चाहत होतो कि मय धनवान की मेज पर सी
गिरयो जेवन सी अपनो पेट भरू। यहां तक कि कुत्ता भी आय क ओकी घावों
ख चाटत होतो। 22 "असो भयो कि ऊ गरीब मर गयो, अऊर स्वर्गदूतों न
ओख उठाय क अब्राहम की बाजू म पहुंचायो। ऊ धनवान भी मरयो अऊर
गाड़्यो गयो, 23 अऊर अधोलोक म ओन दु: ख म पड़्यो हुयो अपनी आंखी
ऊपर उठायी, अऊर दूर सी अब्राहम को जवर म लाजर ख देख्यो। **(Hadēs
g86)** 24 तब ओन पुकार क कह्यो, 'हे बाप अब्राहम! मोरो पर दया कर,
अऊर लाजर ख भेज दे ताकि ऊ अपनी बोट को सिरा पानी म फिजाय क
मोरी जीबली ख ठंडी करेंन, कहालीकि मय या आगी म तड़प रह्यो हय!' 25
"पर अब्राहम न कह्यो, 'हे बेटा, याद कर, कि तय अपनो जीवन म अच्छी
चिज ले लियो हय, अऊर वसोच लाजर बुरी चिज। पर अब ऊ इत शान्ति
पा रह्यो हय, अऊर तय तड़प रह्यो हय। 26 या सब बातों ख छोड़ हमरो
अऊर तुम्हरो बीच एक गहरो गड्डा ठहरायो गयो हय कि जो इत सी ओन पार
तुम्हरो जवर जानो चाह्यो, त हि नहीं जाय सक्यो, अऊर नहीं कोयी उत
सी येन पार हमरो जवर आय सक्यो।' 27 धनवान आदमी न कह्यो, 'मय
तुम सी बिनती करू हय, हे बाप अब्राहम, तय लाजर ख मोरो बाप को घर
भेज, 28 कहालीकि उत मोरो पाच भाऊ हंय। ऊ जाय क उन्को जवर या
बातों ख चिताय दे, असो नहीं होय कि हि भी यो दु: ख की जागा म आय।'
29 "अब्राहम न कह्यो, 'तुम्हरो भाऊ को जवर त मूसा अऊर भविष्यवक्ता
की किताब हंय उन्ख चितावन लायी, हि उन्की सुनो कि का कह्य।' 30
धनवान आदमी न उत्तर दियो, 'पर्याप्त नहीं, हे बाप अब्राहम! पर यदि कोयी

मरयो हुयो म सी जीन्दो होय क उन्को जवर जाये, त हि अपनो पाप सी मन
फिरायेंन।' 31 पर अब्राहम न कह्यो, 'जब हि मूसा अऊर भविष्यवक्तावों की
नहीं सुनय, त यदि मरयो हुयो म सी कोयी जीन्दो भी होयेंन तब भी ओकी
नहीं मानेंन।'"

17 यीशु न अपनो चेलावों सी कह्यो, "होय नहीं सकय कि पाप म पड़य,
पर हाय, ऊ आदमी पर जेको वजह हि आवय हंय! 2 जो इन छोटो म सी
कोयी एक ख पाप म पड़य हय, ओको लायी यो भलो होवय कि गरहट को
पाट ओको गरो म लटकायो जातो, अऊर ऊ समुन्दर म डाल दियो जातो। 3
सचेत रहो! तुम का करय हय। "यदि तोरो भाऊ अपराध करय हय त, ओख
समझाव, अऊर यदि पछतावय हय त, ओख माफ कर। 4 यदि दिन भर म
ऊ सात बार तोरो विरोध म पाप करय अऊर सातों बार तोरो जवर आय क
कह्य, 'मय पछताऊ हय,' त ओख माफ कर।" 5 प्रेरितों न प्रभु सी कह्यो,
"हमरो विश्वास बढ़ाव।" 6 प्रभु न उत्तर दियो, "यदि तुम ख राई को दाना को
बराबर भी विश्वास होतो, त तुम यो शहतूत को झाड़ सी कहतो, कि जड़ी
सी उचक क अपनो आप समुन्दर म लग जा। अऊर ऊ तुम्हरी आज्ञा मान
लेतो।" 7 यदि "तुम म सी असो कौन हय, जेको सेवक नांगर जोतय या मेंढीं
चरावय हय, अऊर जब ऊ खेत सी आवय हय, त ओको सी कहेंन, 'तुरतच
आव जेवन करन बैठ?' 8 अऊर यो नहीं कहेंन, निश्चितच नहाय! 'मोरो जेवन
तैयार कर, अऊर जब तक मय खाऊ–पीऊ तब तक सेवा कर; येको बाद तय
भी खाय पी लेजो?' 9 का ऊ सेवक को अहसान मानेंन कि ओन उच काम
करयो जेकी आज्ञा दी गयी होती? 10 योच तरह सी तुम भी जब उन सब
कामों ख कर लेवो जेकी आज्ञा तुम्ख दियो गयी होती, त कहो, 'हम साधारन
सेवक हंय; जो हम्ख करनो होतो हम न केवल उच करयो हय।'" 11 असो
भयो कि यीशु यरूशलेम जातो हुयो सामरियां अऊर गलील को सिमा सी
होय क जाय रह्यो होतो। 12 कोयी गांव म सिरतो समय ओख दस कोढ़ी
मिल्यो। जो ओको सी दूर खड़ो होतो। 13 उन्न ऊचो आवाज सी पुकार क
कह्यो, "हे यीशु! हे मालिक! हम पर दया कर!" 14 यीशु न उन्ख देख क
कह्यो, "जावो, अऊर अपनो आप ख याजकों ख दिखावो।" अऊर हि रस्ता
म जातोच शुद्ध भय गयो। 15 तब उन्म सी एक यो देख क कि मय चंगो भय

गयो हय, ऊचो आवाज सी परमेश्वर कि बड़ायी करतो हुयो वापस लौट्यो,
16 अऊर यीशु को पाय पर मुंह को बल गिर क ओको धन्यवाद करन लग्यो,
अऊर ऊ सामरी होतो। 17 येख पर यीशु न कह्यो, “का दसो शुद्ध नहीं भयो;
त फिर हि नव कित हंय? 18 का यो परदेशी ख छोड़ कोयी अऊर वापस नहीं
आयो जो परमेश्वर की बड़ायी करय हय?” 19 अऊर यीशु न ओको सी
कह्यो, “उठ क चली जा; तोरो विश्वास न तोख अच्छो करयो हय।” 20
कुछ फरीसियों न यीशु सी पुच्छ्यो कि परमेश्वर को राज्य कब आयेंन, त
ओन ओख उत्तर दियो, “परमेश्वर को राज्य दिखन वालो रूप को जसो नहीं
आवय। 21 अऊर लोग यो नहीं कहेंन, ‘इत हय! यां, उत हय!’ कहालीकि
परमेश्वर को राज्य तुम्हरो बीच म हय।” 22 तब ओन चेलावों सी कह्यो,
“असो समय आयेंन, जेको म तुम आदमी को बेटा को दिनो म सी एक दिन
ख देखन चाहो, अऊर नहीं देख सको। 23 लोग तुम सी कहेंन, ‘देखो, उत
हय!’ यां ‘देखो, इत हय!’ पर तुम चली नहीं जावो अऊर नहीं उन्को पीछू
होय जावो। 24 कहालीकि जसो बिजली आसमान को एक छोर सी चमक क
आसमान को दूसरों छोर तक चमकय हय, वसोच आदमी को बेटा भी अपनो
दिन म प्रगट होयेंन। 25 पर पहिले जरूरी हय कि ऊ बहुत दु: ख उठाये,
अऊर यो युग को लोग ओख नकारयो दियो जायेंन। 26 जसो नूह को दिन म
भयो होतो, वसोच आदमी को बेटा को दिन म भी होयेंन। 27 जो दिन तक
नूह जहाज पर नहीं चढ़्यो, ऊ दिन तक लोग खातो-पीतो रहत होतो, अऊर
उन्म बिहाव होत होतो। तब जल–प्रलय न आय क उन सब ख नाश करयो।
28 अऊर जसो लूत को दिन म भयो होतो कि लोग खातो–पीतो, लेन–देन
करतो, झाड़ लगातो अऊर घर बनावत होतो; 29 पर जो दिन लूत सदोम सी
निकल्यो, ऊ दिन आगी अऊर गन्धक आसमान सी बरसी अऊर सब ख नाश
कर दियो। 30 आदमी को बेटा को प्रगट होन को दिन भी असोच होयेंन। 31
“ऊ दिन जो घर को छत पर हय अऊर ओको सामान घर म हय, त ऊ ओख
लेन लायी मत उतरो; अऊर वसोच जो खेत म हय ऊ वापस घर नहीं जाय।
32 लूत की पत्नी ख याद रखो! 33 जो कोयी अपनो जीव बचावनो चाहेंन ऊ
ओख खोयेंन; अऊर जो कोयी ओख खोयेंन ऊ ओख बचायेंन। 34 मय
तुम सी कहू हय, ऊ रात, दोय आदमी एक खटिया पर सोतो रहेंन: एक ले

लियो जायेंन अऊर दूसरों छोड़ दियो जायेंन। 35 दोय बाई एक संग गरहट
म अनाज पीसत रहेंन, एक ले ली जायेंन अऊर दूसरी छोड़ दियो जायेंन।
36 दोय लोग खेत म होयेंन, एक ले लियो जायेंन अऊर दूसरों छोड़ दियो
जायेंन।" 37 यो सुन क चेलावों न ओको सी पुच्छ्यो, "हे प्रभु यो कित
होयेंन?" यीशु न उत्तर दियो, "जित लाश हय, उत गिधाड़ जमा होयेंन।"

**18** तब यीशु न अपनो चेलावों ख दृष्टान्त म कह्यो कि हमेशा प्रार्थना करनो
अऊर हिम्मत नहीं छोड़न ख होना असो सिखायो। 2 "कोयी शहर म एक
सच्चो रहत होतो, जो परमेश्वर सी नहीं डरत होतो अऊर नहीं कोयी आदमी
की परवाह करत होतो। 3 उच शहर म एक विधवा भी रहत होती, जो ओको
जवर आय–आय क कहत होती, 'मोरो न्याय कर क् मोख आरोप लगावन
वालो सी बचाव!' 4 कुछ समय तक त ऊ नहीं मान्यो पर आखरी म अपनो
आप म बिचार कर ख कह्यो, 'जब कि मय परमेश्वर सी नहीं डरू, अऊर नहीं
आदमी की कुछ परवाह करू हय, 5 तब भी या विधवा मोख सतावती रह्य
हय, येकोलायी मय ओको न्याय चुकाऊं, कहीं असो नहीं होय कि बार-बार
आय क आखिर म मोरी नाक म दम करेंन!'" 6 प्रभु न कह्यो, "सुनो, यो
अधर्मी न्यायधीश न का कह्यो? 7 येकोलायी का परमेश्वर अपनो चुन्यो हुयो
को न्याय नहीं चुकायेंन, जो रात–दिन ओकी मदत लायी पुकारतो रह्य हंय?
का ऊ उन्को मदत करन म देर करेंन? 8 मय तुम सी कहू हय, ऊ तुरतच
उन्को न्याय चुकायेंन। तब भी आदमी को बेटा जब आयेंन, त का ऊ धरती
पर विश्वास पायेंन?" 9 यीशु न उन लोगों सी जो अपनो ऊपर भरोसा रखत
होतो, कि हम सच्चो हंय, अऊर दूसरों ख तुच्छ जानत होतो, यो दृष्टान्त
कह्यो: 10 "दोय आदमी मन्दिर म प्रार्थना करन लायी गयो: एक फरीसी
होतो अऊर दूसरों कर लेनवालो। 11 "फरीसी खड़ो होय क अपनो मन म
यो प्रार्थना करन लग्यो, 'हे परमेश्वर, मय तोरो धन्यवाद करू हय कि मय
दूसरों आदमी को जसो लोभी, अधर्मी, अऊर व्यभिचारी नहीं, अऊर नहीं
यो कर लेनवालो को जसो हय। 12 मय हप्ता म दोय बार उपवास रखू
हय, मय अपनी सब कमायी को दसवा अंश भी देऊ हय।' 13 "पर कर
लेनवालो न दूर खड़ो होय क, स्वर्ग को तरफ आंखी उठावनो भी नहीं चाह्यो,
बल्की अपनी छाती पीट–पीट क कह्यो, 'हे परमेश्वर, मय पापी पर दया कर!'

14 यीशु न कह्यो, मय तुम सी कहू हय कि ऊ फरीसी नहीं, पर योच कर
लेनवालो आदमी सच्चो ठहरायो गयो अऊर ऊ अपनो घर गयो; कहालीकि
जो कोयी अपनो आप ख बड़ो बनायेंन, ऊ नम्र करयो जायेंन; अऊर जो
अपनो आप ख नम्र बनायेंन, ऊ बड़ो करयो जायेंन।" 15 तब लोग अपनो
बच्चां ख भी ओको जवर लान लग्यो कि ऊ उन्को पर हाथ रखेंन, पर चेलावों
न देख क उन्ख डाट्यो। 16 यीशु न बच्चां ख जवर बुलाय क कह्यो, "बच्चां
ख मोरो जवर आवन दे, अऊर उन्ख मना मत करो: कहालीकि परमेश्वर को
राज्य असोच को हय। 17 मय तुम सी सच कहू हय कि जो कोयी परमेश्वर
को राज्य ख बच्चा को जसो स्वीकार नहीं करेंन ऊ ओको म कभी सिरनो
नहीं पायेंन।" 18 कोयी यहूदी मुखिया न यीशु सी पुच्छ्यो, "हे उत्तम गुरु,
अनन्त जीवन को अधिकारी होन लायी मय का करू?" **(aiōnios g166)** 19
यीशु न ओको सी कह्यो, "तय मोख अच्छो कहालीकि कह्य हय?" कोयी
अच्छो नहाय, "केवल एक, यानेकि परमेश्वर। 20 तय आज्ञावों ख त जानय
हय: 'व्यभिचार नहीं करनो; हत्या नहीं करनो; अऊर चोरी नहीं करनो; कोयी
की झूठी गवाही नहीं देनो; अपनो बाप अऊर अपनी माय को आदर करनो।'"
21 यहूदी मुखिया न कह्यो, "मय त यो आज्ञावों ख जब सी मय समझन
लग्यो तब सी मानतो आयो हय।" 22 यो सुन क, यीशु न ओको सी कह्यो,
"तोरो म अब भी एक बात ख करनो हय, अपनो सब कुछ बिक क अपनो
पैसा गरीबों म बाट दे, अऊर तोख स्वर्ग म धन मिलेंन; अऊर आय क मोरो
पीछू होय जा।" 23 पर यो सुन क, ऊ बहुत उदास भयो, कहालीकि ऊ बड़ो
धनी होतो। 24 यीशु न ओख देख क कह्यो, "धनवानों को परमेश्वर को राज्य
म सिरनो कितनो कठिन हय! 25 परमेश्वर को राज्य म धनवान को सिरनो
इतनो कठिन हय कि सूई को नाक म सी ऊंट को निकल जानो सहज हय।"
26 येको पर सुनन वालो न पुच्छ्यो, "त फिर कौन्को उद्धार होय सकय
हय?" 27 यीशु न कह्यो, "जो आदमी ख असम्भव हय, ऊ परमेश्वर ख
सम्भव हय।" 28 पतरस न कह्यो, "देख! हम त घर–दार छोड़ क तोरो पीछू
भय गयो हंय।" 29 "हां," यीशु न उन्को सी कह्यो, "मय तुम सी सच कहू
हय कि असो कोयी नहाय जेन परमेश्वर को राज्य लायी घर या पत्नी या
भाऊ या माय-बाप या बाल–बच्चां ख छोड़ दियो हय; 30 अऊर यो समय म

भी जादा, यां आवन वालो युग म अनन्त जीवन मिलेंन, असो कोयी नहीं
रहेंन।" (aiōn g165, aiōnios g166) 31 तब यीशु न बारा चेलावों ख अलग
लिजाय क उन्को सी कह्यो, "सुनो! हम यरूशलेम ख जाय रह्यो हंय, अऊर
जितनी बाते आदमी को बेटा लायी भविष्यवक्तावों सी लिख्यो गयो हंय, हि
सब पूरी होयेंन। 32 कहालीकि ऊ गैरयहूदी को हाथ म सौंप्यो जायेंन, अऊर
हि ओख ठट्ठो म उड़ायेंन, अऊर ओको अपमान करेंन, अऊर ओको पर
थूकेंन, 33 अऊर ओख कोड़ा मारेंन अऊर घात करेंन, अऊर ऊ तीसरो दिन
फिर सी जीन्दो होयेंन।" 34 पर चेलावों न इन बातों म सी कोयी बात नहीं
समझी; अऊर या बात उन्को सी लूकी रही, कि यीशु का कह्य रह्यो होतो
उन्को समझ म नहीं आयो। 35 जब यीशु यरीहो नगर को जवर पहुंच्यो, त
एक अन्धा आदमी सड़क को किनार बैठ्यो हुयो, भीख मांग रह्यो होतो। 36
ऊ भीड़ की चलनो की आवाज सुन क पूछन लग्यो, "यो का होय रह्यो
हय?" 37 उन्न अन्धा ख बतायो, "यीशु नासरी जाय रह्यो हय।" 38 तब
ओन पुकार क कह्यो, "हे यीशु, दाऊद की सन्तान, मोरो पर दया कर!" 39
जो आगु–आगु जाय रह्यो होतो, हि ओख डाटन लग्यो कि चुप रहो; पर ऊ
अऊर भी जोर सी चिल्लावन लग्यो, "हे दाऊद की सन्तान, मोरो पर दया
कर!" 40 तब यीशु न रूक क आज्ञा दियो कि अन्धा आदमी ख मोरो जवर
लावो, अऊर जब ऊ जवर आयो त यीशु न ओको सी पुच्छ्यो, 41 "तय का
चाहवय हय कि मय तोरो लायी करूं?" ओन कह्यो, "हे प्रभु, यो कि मय
फिर सी देखन लगू।" 42 यीशु न ओको सी कह्यो, "देखन लग! तोरो विश्वास
न तोख अच्छो कर दियो हय।" 43 तब ऊ तुरतच देखन लग्यो अऊर परमेश्वर
की बड़ायी करतो हुयो ओको पीछू भय गयो; अऊर सब लोगों न देख क
परमेश्वर की स्तुति करी।

**19** यीशु यरीहो नगर म सी जाय रह्यो होतो। 2 उत जक्कई नाम को एक
आदमी होतो जो कर लेनवालो को मुखिया होतो अऊर धनी होतो। 3 ऊ यीशु
ख देखनो चाहत होतो कि ऊ कौन सो आय। पर भीड़ को वजह देख नहीं
सकत होतो, कहालीकि ऊ बुटरो होतो। 4 तब ओख देखन लायी ऊ आगु
दौड़ क एक उम्बर को झाड़ पर चढ़ गयो, कहालीकि यीशु उच रस्ता सी जान
वालो होतो। 5 जब यीशु ऊ जागा म पहुंच्यो, त ऊपर नजर कर क् ओको सी

कह्यो, “हे जक्कई, जल्दी उतर आव; कहालीकि अज मोख तोरो घर म रहनो
जरूरी हय।” 6 ऊ तुरतच उतर क खुशी सी यीशु को स्वागत करयो। 7 यो
देख क सब लोग कुड़कुड़ाय क कहन लग्यो, “ऊ त एक पापी आदमी को
इत उतरयो हय।” 8 जक्कई न खड़ो होय क प्रभु सी कह्यो, “हे प्रभु, देख,
मय अपनी अरधी जायजाद गरीबों ख देऊ हय, अऊर यदि कोयी को कुछ भी
अन्याय कर क् ले लियो हय त ओख चौगुना वापस कर देऊ हय।” 9 तब
यीशु न ओको सी कह्यो, “अज यो घर म उद्धार आयो हय, येकोलायी कि यो
भी अब्राहम की सन्तान आय। 10 कहालीकि आदमी को बेटा खोयो हुयो ख
ढूंढन अऊर उन्को उद्धार करन आयो हय।” 11 जब हि या बात सुन रह्यो
होतो, त यीशु न एक दृष्टान्त कह्यो, येकोलायी कि ऊ यरूशलेम को जवर
होतो, अऊर हि समझत होतो कि परमेश्वर को राज्य अभी प्रगट होन वालो
हय। 12 येकोलायी ओन कह्यो, “एक ऊचो पद वालो आदमी दूर देश ख गयो
ताकि राजपद पा क लौट आयो। 13 ओन अपनो सेवकों म सी दस ख
बुलाय क उन्ख दस सोना को सिक्का दियो अऊर ओन कह्यो, ‘मोरो लौट क
आनो तक लेन–देन करजो।’ 14 पर ओको रहन वालो ओको सी जलन
रखत होतो, अऊर ओको पीछू दूतों सी कहन भेज्यो, ‘हम नहीं चाहवय कि
यो हम पर राज्य करे।’ 15 “जब ऊ राजपद पा क लौट्यो, त असो भयो
कि ओन अपनो सेवकों ख जेक रकम दियो होतो, अपनो जवर बुलवायो
जेकोसी मालूम करे कि उन्न लेन–देन सी का–का कमायो। 16 तब पहिलो न
आय क कह्यो, ‘हे मालिक, तोरो सिक्का सी दस अऊर सिक्का कमायो
हंय।’ 17 ओन ओको सी कह्यो, ‘शाबाश, हे अच्छो सेवक! तय बहुतच
थोड़ो म विश्वास को लायक निकल्यो अब दस शहर पर अधिकार रख।’ 18
दूसरों सेवक न आय क कह्यो, ‘हे मालिक, तोरो एक सिक्का सी पाच अऊर
सिक्का कमायो हंय।’ 19 ओन ओको सी भी कह्यो, ‘तय भी पाच शहर
पर अधिकारी होय जा।’ 20 “तीसरो न आय क कह्यो, ‘हे मालिक, देख
तोरो सिक्का यो आय; जेक मय न गमछा म लूकाय क रख्यो होतो। 21
कहालीकि मय तोरो सी डरत होतो, येकोलायी कि तय कठोर मालिक हय;
जो तय न नहीं रख्यो ओख उठाय लेवय हय, अऊर जो तय न नहीं बोयो,
ओख काटय हय।’ 22 ओन ओको सी कह्यो, ‘हे दुष्ट सेवक! मय तोरोच मुंह

सी तोख दोषी ठहराऊ हय! तय मोख जानत होतो कि मय कठोर हय, जो
मय न नहीं रख्यो ओख उठाय लेऊ हय, अऊर जो मय न नहीं बोयो ओख
काटू हय। 23 त तय न मोरो धन ब्याज पर कहालीकि नहीं रख दियो कि मय
आय क ब्याज समेत ले लेतो?' 24 "अऊर जो लोग जवर खड़ो होतो, ओन
उन्को सी कह्यो, 'ऊ सिक्का ओको सी ले लेवो, अऊर जेको जवर दस
सिक्का हंय ओख दे।' 25 उन्न ओको सी कह्यो, 'हे मालिक, ओको जवर
पहिलो सीच दस सिक्का त हंय!' 26 'मय तुम सी कहू हय कि जेको जवर
हय, ओख दियो जायेंन; अऊर जेको जवर नहाय, ओको सी ऊ भी जो ओको
जवर हय ले लियो जायेंन। 27 पर मोरो ऊ दुश्मनों ख जो नहीं चाहवय कि
मय उन्को पर राज्य करू, उन्ख इत लाय क मोरो आगु मार डालो।'" 28 या
बात कह्य क यीशु यरूशलेम को तरफ उन्को आगु आगु चल्यो। 29 जब ऊ
जैतून नाम को पहाड़ी पर बैतफगे अऊर बैतनिय्याह को जवर पहुंच्यो, त
ओन अपनो चेलावों म सी दोय ख यो कह्य क भेज्यो, 30 "आगु को गांव
म जावो; अऊर उत पहुंचतोच एक गधी को बछड़ा जेको पर कभी कोयी
सवार नहीं भयो, बन्ध्यो हुयो तुम्ख मिलेंन, ओख खोल क लावो। 31 यदि
कोयी तुम सी पुछेंन कि कहालीकि खोलय हय, त यो कह्य देजो कि प्रभु
ख येकी जरूरत हय।" 32 जो भेज्यो गयो होतो, उन्न जाय क जसो ओन
उन्को सी कह्यो होतो, वसोच पायो। 33 जब हि गधा को बछड़ा खोल रह्यो
होतो, त गधा को मालिक न उन्को सी पुछ्यो, "यो बछड़ा ख कहालीकि
खोलय हय?" 34 उन्न कह्यो, "प्रभु ख येकी जरूरत हय।" 35 हि ओख
यीशु को जवर लायो, अऊर अपनो कपड़ा ऊ बछड़ा पर डाल क यीशु ख
ओको पर बैठाय दियो। 36 जब ऊ जाय रह्यो होतो, त हि अपनो कपड़ा रस्ता
म बिछावत जात होतो। 37 यरूशलेम को जवर आतो हुयो जब ऊ जैतून
पहाड़ी की ढलान पर पहुंच्यो, त चेलावों की पूरी भीड़ उन सब सामर्थ को
कामों को वजह जो उन्न देख्यो होतो, खुशी होय क बड़ो आवाज सी परमेश्वर
की महिमा करन लगी: 38 "धन्य हय ऊ राजा, जो प्रभु को नाम सी आवय
हय! स्वर्ग म शान्ति अऊर आसमान म परमेश्वर की महिमा हो!" 39 तब
भीड़ म सी कुछ फरीसी ओको सी कहन लग्यो, "हे गुरु, अपनो चेलावों ख
आज्ञा दे क चुप कराव!" 40 यीशु न उत्तर दियो, "मय तुम सी कहू हय यदि

इन चुप रह्यो त गोटा चिल्लाय उठेंन।” 41 जब ऊ जवर आयो त नगर ख देख
क ओको पर रोयो 42 अऊर कह्यो, “यदि अज को दिन तय, हां, तयच, उन
बातों ख जानतो जो शान्ति की हंय, पर अब हि तोरी आंखी सी लूक गयी
हंय। 43 कहालीकि ऊ दिन तोरो पर आयेंन कि तोरो दुश्मन मोर्चा बान्ध क
तोख घेर लेयेंन, अऊर चारयी तरफ सी तोख दबायेंन। 44 अऊर तोख अऊर
तोरो बच्चां ख जो तोरो म हंय, माटी म मिलायेंन, अऊर तोरो म गोटा पर
गोटा भी नहीं छोड़ेंन; कहालीकि तय न ऊ अवसर ख जेको म परमेश्वर तुम्ख
बचावन तोरो पर दया की नजर करी गयी होती नहीं पहिचान्यो।” 45 तब
यीशु मन्दिर म जाय क व्यापारियों ख बाहेर निकालन लग्यो, 46 अऊर
उन्को सी कह्यो, “शास्त्र म लिख्यो हय, कि ‘मोरो घर प्रार्थना को मन्दिर
